## महत्वपूर्ण एवं खास

### खाद्य नागरिक आपूर्ति निरीक्षक भर्ती परीक्षा 20 फरवरी को, अपर कलेक्टर कुरूवंशी नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़ ।** छ.ग.व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्रित निरीक्षक पदों पर भर्ती परीक्षा 20 फरवरी 2022 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर भीम सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन राम कुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### धान टोकन का सत्यापन के लिये किसान के घर गये पटवारी के साथ जमकर हुई मारपीट

**जशपुर (आरएनएस)।** धान टोकन का सत्यापन के लिये किसान के घर गये पटवारी के साथ दो लोगो ने जमकर मारपीट की है। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद दोनो आरोपी फरार बताये जा रहे हैं। घटना जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र की है। तपकरा थाना प्रभारी एल. आर. चौहान ने बताया कि घटना 3 फरवरी गुरूवार की शाम 5:45 बजे की है। पटवारी ब्रजेश तपकरा थाना क्षेत्र के मसरीघाट किसान निस्तोर एक्का के घर धान टोकन का सत्यापन के लिये गया हुआ था इसी दौरान सुंडरू के नंदकुमार यादव व हृदयानंद यादव निस्तोर के घर मे धान टोकन का सत्यापन कर रहे पटवारी ब्रजेश को लाथ-घुस्सो से पिटाई करने लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि पटवारी ब्रजेश का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तपकरा मे मेडिकल कराया गया है। पटवारी ब्रजेश को आरोपियो ने उसके गाल मे भी कई झापड़ जड़े है। पटवारी ब्रजेश के रिपोर्ट पर थाना तपकरा मे दोनो आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506(बी), 332, 353, 186(34) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। तपकरा थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी हो जायेगी।

### प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में कल से उत्तर हवाओ का आगमन पुन: प्रारंभ हो रहा है इसके कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। स्थानीय मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में उत्तर हवाओं का आगमन कल से शुरू हो रहा है, जिसके कारण 6 फरवरी तक न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में भी उत्तर छत्तीसगढ़ में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

### एक लाख के ईनामी जनमिलिशिया कमाण्डर के साथ 3 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी एवं जिला पुलिस बल को गस्त सर्चिंग के लिए दरभा-कटेकल्याण क्षेत्र की ओर रवाना किया गया था। पड़ोसी राज्य के सीमावर्ती ग्राम नड़ेनार में कुछ सक्रिय नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग अभियान के दौरान सर्चिंग के 01 लाख रूपये का ईनामी जनमिलिशिया कमाण्डर के साथ 03 नक्सलियों 1. गुड्डी पोडिय़ामी, 2. लखमा कवासी एवं 3. हिड़मा उर्फ केओंग पोडिय़ामी निवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली गुड्डी पोडिय़ामी जनमिलिशिया कमाण्डर के तौर पर कार्य करना स्वीकार किया, जनमिलिशिया कमाण्डर गुड्डी पोडिय़ामी पर शासन की ओर से 01 लाख रूपये का ईनाम घोषित है।

# गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क होंगे विकसित, पारंपरिक व्यवसायों को भी मिलेगी जगह

**कलेक्टर सिंह ने ली आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों की ली समीक्षा बैठक**

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने मुख्यत: विभागीय योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और गौठानों में संचालित होने वाली गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की योजना के तहत गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) विकसित किये जायेंगे जिसमें पारंपरिक व्यवसायों को सहेजने संवारने की पहल भी की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने कहा कि विभिन्न समूहों के बांस, मिट्टी से बने उत्पाद, तेल पेराई जैसे पारंम्परिक कार्यो को गौठानों की मल्टी एक्टीविटी में शामिल किया जाए। इन एक्टीविटी के लिए आवश्यक उपकरण खरीदी के निर्देश भी उन्होंने दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि रीपा के तहत गौठानों को उत्पादन एवं इनोवेटिव गतिविधियों को शामिल किया जाए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने नाबार्ड के अधिकारी को प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित प्रपोजल तैयार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गौठानों में बनने वाले उत्पादों की गुणवत्ता के साथ मार्केटिंग दिशा में व्यवस्थित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि समूह को बेहतर लाभ मिल सके।



इस दौरान उन्होंने गौठानों में संचालित गतिविधियों की अद्यतन जानकारी ली। हिर्री गौठान अध्यक्ष ने बताया कि समूह द्वारा पेवर ब्लॉक बनाया जा रहा है। पेवर ब्लॉक की मांग को देखते हुए कलेक्टर सिंह ने इस गतिविधि को अन्य गौठानों में भी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जानकारी ली और कम्पोस्ट के तत्काल उठाव करवा कर समितियों में भंडारित करने के निर्देश दिए। इसी तरह चपले गौठान में चल रही विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। चपले गौठान के अध्यक्ष द्वारा बताया कि मुर्गी, मछली, गेंदा फूल, बकरी पालन, रेशम के अलावा मछली पालन के लिए बनाए गए तालाब के किनारे अब केला, पपीता भी लगाया जा रहा है। इसी प्रकार कोसीर में पालन किए गए कड़कनाथ मुर्गा ब्रिकी की जा चुकी है। कलेक्टर सिंह ने एफआरए के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विभाग द्वारा वनअधिकार पत्र वितरण, कुऑ, डबरी निर्माण एवं समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि केसीसी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने पशुपालन, मछली एवं उद्यान विभागों को केसीसी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि 60 गौठानों में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह हथकरघा विभाग ने बताया कि बुनकरों के लिए 66 उपकरण स्वीकृत किया जा चुका है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कपड़े सिलाई के लिए प्रत्येक ब्लाक से 4-5 समूहों का पंजीयन करवाया जाए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, संयुक्त कलेक्टर डिगेश पटेल, सहायक संचालक जिला पंचायत महेश पटेल, सहायक संचालक मत्स्य एम.के.पाटले, पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास, उप संचालक रेशम कंवर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महिला समूहों के सभी उत्पाद मिलेंगे एक छत के नीचे-** कलेक्टर सिंह के निर्देश पर केलो मार्ट की स्थापना की जा रही है। जिसमें जिले के महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद अब एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगा। इसमें जिले के अलग-अलग विकासखंडों के खास प्रोडक्ट जैसे लैलूंगा के मिट्टी के बर्तन, घरघोड़ा की लाख की चूड़ी, धरमजयगढ़ से सवई घास से बने सजावटी और घरेलू उपयोग की सामग्री के साथ ही अन्य उत्पाद यहां उपलब्ध होगा। इसके अलावा स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को धन्वतरी मेडिकल स्टोर्स में भी उपलब्ध कराने के निर्देश उन्होंने दिए। कलेक्टर सिंह ने समूहों के उत्पाद के मार्केट लिंकेज के लिए जिले में संचालित कम्पनीज से टाईअप के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 42 कंपनीज से विभिन्न उत्पादों के लिये आर्डर मिले हैं। उन्होंने दूसरे कंपनीज से भी जल्द टाइअप करने के निर्देश दिए।

## 6 से 13 फरवरी तक कई ट्रेनें रहेगी प्रभावित

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के रूपोंद-झलवाड़ा सेक्शन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य किया जायेगा। इसके फलस्वरुप कई गाडिय़ां रद्द रहेगी।



रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रूपोंद-झलवारा सेक्शन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य में नॉन इंटरलॉकिंग (प्री-एन आई) कार्य 06 फरवरी से 09 फरवरी तक 04 दिन एवं इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य 10 से 13 फरवरी तक 04 दिन किया जायेगा। इसकार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

**प्रभावित होने वाली गाडिय़ां:** 06, 08 एवं 13 फरवरी 2022 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 07, 09 एवं 14 फरवरी 2022 को कानपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 04, 08 एवं 11 फरवरी 2022 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 05, 09 एवं 12 फरवरी 2022 को निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 09 एवं 11 फरवरी 2022 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 06, 11 एवं 13 फरवरी 2022 को नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 08 फरवरी 2022 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12549 दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस रद्द रहेगी एवं 10 फरवरी को जम्मूतवी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## विश्व कैंसर दिवस: पीएचसी रामभांठा में हुआ स्क्रीनिंग कैम्प

**सीएमएचओ ने कैंसर के विभिन्न लक्षणों के बारे में दी जानकारी**

रायगढ़ । विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभाठा में पूर्वान्ह 11 बजे से स्क्रीनिंग कैंप की शुरूआत की गई। इस मौके पर 15 मरीज जिसमें गले के दो मरीज व सर्वायकल कैंसर के 13 मरीज पाये गये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर के विभिन्न लक्षण के बारें में प्रमुख जानकारी दी गई।



सीएमएचओ डॉ.केशरी ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को कैंसर के प्रति जागरूक कर कैंसर के लक्षणों की पहचान कराना है। इस वर्ष का थीम क्लोज द केयर गेप हैं सर्वायकल कैंसर के निम्न लक्षण है, जैसे आंत और मूत्राश्य की कार्य प्रवृत्ति में बदलाव, फोड़ा और पीड़ा जो ठीक न हो रहा हो, शरीर में असामान्य रक्त स्त्राव व अन्य स्त्राव, शरीर व स्तन में गठान या गिल्टी का मोटापन, लगातार खट्टी डकारें आना, मस्से या तिल में बदलाव जाहिर होना, लगातार खाँसी या गले का बैठना ऐसे लक्षण दिखने पर विशेषज्ञ चिकित्सक से तुरंत परामर्श ले तथा सही समय पर अपना इलाज करायें।

इस कार्यक्रम को आगे गति देते हुए 12 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रएवं रायगढ़ में तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित की जायेगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस. एन.केशरी जिला रायगढ़, एवं मेडिकल कालेज के डॉ त्रिभुवन साहू, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ.अंजना तिवारी एम.डी, डॉ.काकोली पटनायक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भावना महलवार, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.योगेश पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल चलने से मना करने पर नाबालिग दो सगी बहनों ने उनकी बुआ की हत्या

**योजनाबद्ध तरीके से सो रही बुआ पर टंगिया से वार कर की हत्या, दोनों बहनों ने शाम को ही कर ली थी पूरी प्लानिंग**

**आरोपित बाल अपचारियों को लिया गया हिरासत में, वारदात में प्रयुक्त टांगी जब्त**

**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत ग्राम निरंजनपुर-सपनई में दिनांक 03-04/02/2022 की रात्रि दो सगी बहनों द्वारा मोबाइल चलाने से मना करने पर नाराज होकर उनकी सगी बुआ की टांगी से सिर में मारकर हत्या कर दिए। घटना की सूचना पर तत्काल चक्रधरनगर थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अपने स्टाफ को मौके पर रवाना किए। जहां मृतिका के वारिसानों से घटना की जानकारी लेकर दोनों आरोपित विधि के साथ संघर्षरत बाल अपचारियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।



घटना कारित करने वाली दोनों किशोरी में छोटी लड़की ने पुलिस को दिये अपने मेमोरेंडम कथन में बताई कि इनकी बुआ तुलसी भाठ पिता स्व. हरी प्रसाद भाठ उम्र 35 वर्ष निवासी निरंजनपुर-सपनई पंचायत नटवरपुर (मृतिका) अविवाहित थी, इन्ही के साथ इनके घर पर रहती थी जो इन्हें उसके मोबाइल पर पढ़ाई के लिए व दोस्तों से बात करने के लिए मना करती थी। बालिका बताई कि बीते रोज दिनांक 03/02/2022 को सुबह बुआ तुलसी को बिना बताए उसका मोबाइल स्कूल लेकर गई थी। स्कूल से वापस आने के बाद बड़ी बहन को बताई कि बुआ मोबाइल ले जाने पर झगड़ा करेगी । तब दोनों बहन आपस में बुआ की हत्या की योजना बनाएं, शाम करीब 4:00 बजे दोनों बहन जब नदी गए तो वहां दोनों रात में बुआ की हत्या करना सुनिश्चित किए रात करीब 9:30 बजे जब छोटी लड़की मोबाइल लेकर पढ़ाई कर रही थी तब उसकी बुआ तुलसी भाठ मोबाइल मांगी तो अभी लिख रही हू थोड़ी देर में दूंगी बोली तब तुलसी भाठ उसे डांट लगाकर गाली गलौज कर दो थप्पड़ मारी जिसके बाद सभी सो गए। रात करीब 12:00 बजे छोटी लड़की उठी और उसकी बुआ को हत्या करने के लिए मौका देख रही थी रात्रि करीब 1:00-1:30 बजे के बीच जब तुलसी भाठ गहरी नींद में सो रही थी तब छोटी लड़की उसकी बुआ पर टांगिया से सिर में मारी जिससे तुलसी भाठ को संभालने का मौका नहीं मिला और चिल्लाई तो बड़ी लड़की आ गई खौफनाक मंजर को देख बड़ी लड़की चिल्लाई तो उसे छोटी बोली कि दोनों का प्लान है क्यों चिल्ला रही हो। इतने में उसके उसके माता-पिता क्या हो गया बोले तो दोनों कुछ नहीं बताएं। सुबह जब मौके पर पुलिस पहुंची तब भी दोनों बहने घटना से इंकार कर रही थी। बंद मकान में घर के लोगों की संलिप्तता पर घरवालों से कड़ी पूछताछ की जा रही थी तभी पुलिस डॉग रूबी ने महत्वपूर्ण सुराग दिया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा दोनों लड़कियों को हिकमत अमली से पूछताछ करने पर दोनों बहनों ने अपराध करना स्वीकार किए हैं, दोनों बाल अपचारियों को हिरासत में लेकर आज शाम किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर संपूर्ण कार्यवाही में सीएसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना चक्रधरनगर की टीम के उप निरीक्षक डी.के. बोहिदार, प्रधान आरक्षक लोमश सिंह राजपूत, अरुणा चौरसिया, आरक्षक विक्कू सिंह, चंद्र कुमार बंजारे, संजय चौहान, श्वेत कुमार बारिक की अहम भूमिका रही है।

## दल्लीराजहरा - दुर्ग के मध्य 4 डेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिली

**रायपुर (आरएनएस)।** रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग-दल्लीराजहरा-दुर्ग के मध्य 04 एवं दल्लीराजहरा - केवटी के मध्य 01 डेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । इस सेक्शन मे पहले से 08815 रायपुर-केवटी डेमू पैसेंजर स्पेशल, 08816 केवटी-रायपुर डेमू पैसेंजर स्पेशल, 08824 दुर्ग- दल्लीराजहरा डेमू पैसेंजर स्पेशल, 08818 केवटी-दुर्ग डेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन सुविधा यात्रियों को मिल रही हैं। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल द्वारा 05 डेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की अतिरिक्त सुविधा दी जा रही है । इन गाडिय़ों में कोविड़ के सभी नियमो का कड़ाई से पालन करना होगा ।

गाड़ी संख्या 07817 दुर्ग-दल्लीराजहरा डेमू पैसेंजर स्पेशल 10 फरवरी,2022 से प्रतिदिन आगामी आदेश तक चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 07823 दल्लीराजहरा-केवटी डेमू पैसेंजर स्पेशल 11 फरवरी,2022 से प्रतिदिन आगामी आदेश तक चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 07825 दल्लीराजहरा- दुर्ग डेमू पैसेंजर स्पेशल 11 फरवरी,2022 से प्रतिदिन आगामी आदेश तक चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 07827 दुर्ग-दल्लीराजहरा डेमू पैसेंजर स्पेशल 14 फरवरी,2022 से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार को आगामी आदेश तक चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 07826 दल्लीराजहरा-दुर्ग डेमू पैसेंजर स्पेशल 14 फरवरी,2022 से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार को आगामी आदेश तक चलाई जायेगी।

## महामारी से अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना प्रारंभ

**प्रभावित बच्चों के 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मिलेंगे 10 लाख रूपए की एकमुश्त सहायता राशि**

**रायगढ़ ।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना अंतर्गत कोविड-19 महामारी से अनाथ हुए बच्चों के लिए पी.एम.केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना प्रारंभ की गयी है। इस योजना का उद्देश्य उन बच्चों की निरंतर व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिन्होंने अपने माता-पिता को कोविड-19 महामारी में खो दिया है। साथ ही इसका उद्देश्य उन बच्चों को स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके कल्याण में मदद करना, उन्हें शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना तथा 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर वित्तीय सहायता के साथ उन्हें एक आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार करना है। इस योजनान्तर्गत प्रभावित बच्चों के 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रुपए की एकमुश्त सहायता राशि प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।

**योजना में इन श्रेणी के बच्चे होंगे पात्र-** ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता की कोविड-19 महामारी से मृत्यु हुई हो, ऐसे बच्चे जिनके अभिभावक/ पालक (वर्तमान में बच्चा जिसके आश्रय में था) की कोविड-19 महामारी से मृत्यु हुई हो। ऐसे बच्चे जिनके कानूनी अभिभावक/ गोद लेने वाले माता-पिता/एकल दत्तक माता या पिता की कोविड-19 महामारी से मृत्यु हुई हो एवं ऐसे बच्चे जिनके माता व पिता की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है एवं उनमें से इकलौते बचे अभिभावक की कोविड-19 से मृत्यु हुई हो। पात्रता हेतु मापदंड-उक्त योजनान्तर्गत ऐसे सभी अभिभावक जिनकी दिनांक 11 मार्च 2020 से 31 दिसम्बर 2021 के मध्य मृत्यु हुई है, इस योजना हेतु पात्र होंगे। बच्चों की उम्र पालकों की मृत्यु दिनांक को 18 वर्ष की उम्र से अधिक न हों। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है अथवा मोबाइल नंबर 91655-84847 अथवा 98271-13516 में सीधे संपर्क कर सकते है।

## आजीविका मूलक कार्यो से समूह की महिलाओं के जीवन में आयी बदलाव

**सीमेंट पोल खंबा व अन्य गतिविधियों से लगभग 85 हजार का हुआ मुनाफा**

**रायगढ़ ।** अपनी एकता एवं आपसी समन्वय का परिचय देते हुए सारंगढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत लेन्ध्रा की महिलाओं ने रोशनी महिला स्व-सहायता समूह की स्थापना की। सामान्यत: कृषि एवं घरेलू कार्यो तक सीमित रहने वाली महिलाएं आज अपने कार्यो से किसी पहचान की मोहताज नहीं है। रोशनी महिला स्व-सहायता समूह अपनी सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधिया संचालित कर रही है। जिनमें मुख्य रूप से अगरबत्ती, साबुन, सर्फ , सीमेंट के पोल खम्भा आदि निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यो से समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी हुई है एवं उनके जीवन में बदलाव आया है।



रोशनी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उन्नति संकुल संगठन कोसीर से सीमेंट पोल खम्भा निर्माण हेतु 15 हजार रूपए ऋण के रूप में लिया था। जिसके पश्चात महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा लेन्ध्रा गौठान में सीमेंट पोल खम्भा निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाओं के द्वारा अब तक लगभग 2 हजार से अधिक सीमेंट पोल खम्भा निर्माण कर तकरीबन 1800 सीमेंट पोल खम्भा की ब्रिकी की जा चुकी है। ब्रिकी के पश्चात समूह की महिलाओं को 55 हजार से अधिक शुद्ध लाभ अर्जित हुआ है। लाभ के पश्चात समूह की महिलाओं में उत्साह है, जिससे समूह की महिलाओं द्वारा सीमेंट पोल खम्बा निर्माण कार्य को विस्तार देने के लिए लिए ग्राम संगठन लेन्ध्रा से सीआईएफ की राशि लेकर सीमेंट पोल निर्माण मशीन लेने की योजना बनाई जा रही है। जिससे मांग के अनुसार पूर्ति कर अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जा सके। महिलाएं समूह की आय को बढ़ाने के लिए अन्य गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित कर रही है। समूह के सदस्यों द्वारा साबुन, सर्फ ,अगरबत्ती का विक्रय कर लगभग 25-30 हजार रूपए शुद्ध लाभ अर्जित किया जा चुका है। रोशनी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं सामूहिक कार्य के अलावा व्यक्तिगत रूप से भी विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधि कर रही है। जिसमें मुख्य रूप से साग-भाजी उत्पादन एवं विक्रय, किराना व मनिहारी दुकान संचालन आदि शामिल है।

समूह की महिलाओं का कहना आजीविका मूलक कार्यो से उनके जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है। अपने सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए स्व-सहायता समूह ने शासन-प्रशासन द्वारा किये जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480